**विधान परिषद् के द्वितीय सत्र, 2022 के प्रथम गुरूवार के लिये निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-14 का उत्तर ।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 14- (क) क्या उप मुख्यमंत्री बतायेंगे कि जनपद-बहराइच में कितने चिकित्सक मेडिसिन और सर्जरी स्नातकोत्तर उपाधि-धारी हैं तथा इनकी कहाँ पर तैनाती की गयी है ? | जनपद बहराइच में मेडिसिन के कुल-04 चिकित्सक हैं, जिनकी तैनाती निम्नवत् है:-<br>1- सामु0स्वा0केन्द्र कैसरगंज-02<br>2- सामु0स्वा0केन्द्र हुजूरपुर-01<br>3- जिला चिकित्सालय, पुरूष-01<br>सर्जरी के 04 चिकित्सक तैनात हैं, जिनकी तैनाती निम्नवत् है:-<br>1- सामु0स्वा0केन्द्र कैसरगंज-01<br>2- जिला चिकित्सालय, पुरूष-03 |
| (ख) जनपद बहराइच में कितने पद चिकित्सक रेडियोलाजिस्ट के उपलब्ध हैं ? | जनपद बहराइच में कुल-03 रेडियोलॉजिस्ट के पद स्वीकृत हैं जिनमें से पूर्व जिला चिकित्सालय पुरूष बहराइच में 02 पद एवं 100 शैय्या मैटरनिटी विंग बहराइच (महिला चिकित्सालय) में 01 पद के सापेक्ष 01 रेडियोलॉजिस्ट उपलब्ध है। |
| (ग) यदि जनपद-बहराइच में रेडियोलाजिस्ट नहीं है, तो जनपद में एक्स-रे, अल्ट्रासाउण्ड आदि सरकारी एवं निजी अस्पतालों में मरीजों की जॉच व दवा कैसे दी जाती है ? | जिला अस्पताल नवीन मेडिकल कालेज के अधीन हो गया है वहां ये समस्त सुविधाएं नि:शुल्क उपलब्ध हैं। |
| (घ) क्या उक्त रिक्त पदों पर चिकित्सकों की नियुक्ति करायेंगे ? | जी हॉं। |

| | |
|---|---|
| (ङ.) यदि हाँ, तो कब ? | शासन के पत्र संख्या-1082(एक)/चि0-3-2022, दिनांक 10-06-2022 के द्वारा एलौपैथिक चिकित्साधिकारी, ग्रेड-2 (स्तर-2) विभिन्न विशेषज्ञता में अग्रनीत किये गये कुल-2382 पदों को पुर्नविज्ञापित किये जाने हेतु उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज को पत्र प्रेषित किया गया है। लोक सेवा अयोग से चयनित अभ्यर्थी उपलब्ध होने पर आवश्यकता अनुसार नियुक्ति/तैनाती शासन द्वारा की जा रही है। |

**ब्रजेश पाठक**
उप मुख्यमंत्री,
उत्तर प्रदेश।